तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 28.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025

13 पोषण पखवाड़ा के अंतिम दिन जागरुकता कार्यक्रम पौष्टिक आहार प्रदर्शनी का भी आयोजन



14 जीवन विद्या को आगे बढ़ाने भाइयों ने दान की 50 डिसमिल जमीन





छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# आवास के लिए फोटो खींचने पहुंचे युवक, महिलाओं के गहने चोरी कर फरार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दो गांवों में शासकीय आवास के नाम पर फोटो खींचने के बहाने जेवर चोरी का मामला सामने आया है। दोनों मामले जिले के पटेवा थाना में दर्ज हुए हैं। पुलिस मामले को विवेचना में लेकर संदिग्धों की पतासाजी और धरपकड़ में जुटी हुई है।

## झलप क्षेत्र में हुई घटना पश्चात पुलिस कर रही चोरों की तलाश

**केस 1**

डेरहीन ध्रुव पति रामजी ध्रुव निवासी ग्राम सिनोधा ने बताया कि 16 मार्च की सुबह करीबन 9 बजे दो अज्ञात व्यक्ति उसके घर आए और कहा कि शासकीय आवास के लिए आपका नाम आया है। इसके बाद उन्होंने मकान की जगह को दिखाने कहा। प्रार्थिया उन दोनों व्यक्ति को साथ लेकर घर बाड़ी की ओर ले गई। इसके बाद आरोपियों ने कहा कि सोने चांदी के जेवर को निकाल कर रख दो, फोटो में नहीं दिखना चाहिए, अन्यथा आवास निरस्त हो जाएगा। ऐसा कहने पर महिला ने अपने कान की सोने की खिनवा, गले का चांदी का चैन और चांदी की पैर पट्टी को निकाल कर कमरे के अंदर रख दिया। उसके बाद महिला फोटो खिंचवाने के लिए बाड़ी में गई, तब दोनों ने कहा कि अपनी बहू को बुला लो अगर आपका फोटो साफ नहीं आएगा तो आपकी बहू का फोटो खीचेंगे। फिर उनमें से एक आदमी नरसिंग बरिहा के घर से मैं आ रहा हूं कहकर चला गया। कुछ समय बाद उस व्यक्ति ने अपने साथी को चलने कहा। इसके बाद जब महिला ने घर के अंदर जाकर देखा तो बिस्तर में रखे उसके सोने चांदी का जेवरात नहीं थे। उक्त दोनों आरोपियों ने बिस्तर में रखे एक जोड़ी सोने की खिनवा कीमत करीबन 27000 रुपए, एक चांदी की चेन कीमत करीबन 6000 रुपए, एक जोड़ी चांदी की पैरपट्टी कीमती करीबन 25850 रुपए को चोरी कर ले गए। मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 3(5), 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**केस 2**

ग्राम झलप में शासकीय आवास के नाम पर फोटो खींचने के बहाने दो अज्ञात व्यक्तियों ने कौशिल्या यादव के घरसे भी 14 नवंबर 2024 को एक जोड़ी चांदी की लच्छा कीमती करीबन 15,000 रुपए एवं एक जोड़ी चांदी की ऐंठी कीमती करीबन 10,000 रुपए की चोरी कर ली थी। इस मामले में भी रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 3(5), 305(ए), 331(3)बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### सुपरवाइजर की बाइक चोरी

**महासमुंद।** मोबाइल कंपनी का पाइप डालने आए सुपरवाइजर की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को सुधीर राम निवासीग्राम जतपुरा थाना किशुनपुरा जिला गढवा (झारखंड) ने बताया कि वह शारदा इक्यूपमेंट्स कंपनी रायपुर में सुपरवाइजर है और एयरटेल कंपनी का पाइप डालने के लिए बागबाहरा आया है। तीन-चार माह से बागबाहरा में पाइप डालने का काम चल रहा है। 27 मार्च की रात 9.45 बजे अपने मोटर सायकल काला रंग की हीरो एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 04 पीडब्लू 7292 को सब्जी मीं एनएच 353 मेन रोड बागबाहरा में खड़ी करके पाइप डालने का काम कर रहा था, जब काम करके वापस आकर देखा तो बाइक वहां पर नहीं थी। मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### चिमरकेल में महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की है। पुलिस को 21 को मुखबिर से सूचना मिलने पर चिमरकेल से पिलवापाली जाने वाले रोड किनारे ग्राम पिलवापाली के पास आम पेड़ नीचे से आरोपी लखन कोसरिया पिता मधुसूदन कोसरिया (29 साल) पिलवापाली, थाना बसना जिला महासमुंद छ0ग0 के कब्जे से 10 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम आमाकोनी में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना के मामले में खल्लारी थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को चुम्मनलाल जगत निवासी आमाकोनी ने ताया कि हम लोगों की बाड़ी घुनेसर मोगरे की बाड़ी से लगी हुई है, जिसका तार घेरा हवा तूफान से गिर गया था। जिसके उसके पिता मनहरण लाल जगत द्वारा 18 अप्रैल को सुबह उठाकर फिर से घेरा कर रहे थे। तभी करीबन 6.30 बजे पड़ोसी व आरोपी घुनेसर मोंगरे पिता गगुराम मोंगरे (57 वर्ष) निवासी आमाकोनी पुरानी रंजिश को लेकर मेरे बाड़ी में क्यों आये हो कहकर गाली गलौज करते हुए हाथ में रखे डंडे से मारने के बाद पास में रखे कुल्हाड़ी से उसके पिता के सिर पर मार दिया और गले को भी दबा दिया, जिससे वे घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर खल्लारी थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### क्रिकेट स्पर्धा 27 से

**महासमुंद।** फारेस्ट प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 27 अप्रैल से होगा। लगभग 45 दिनों तक चलने वाली इस लीग प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन प्रक्रिया आयोजित कर किया गया। इस दौरान ओनर द्वय यार्कर योद्धा के लारेंस एंटोनी, स्वराज सुपर किंग के ईश्वर चंद्राकर, वीएनएस के विजय राजपूत, विकास इलेवन के विकास साहू, जेनेसिस के सेबेस्टिन जेकब, आराध्या इलेवन के पंकज साहू होंगे।

### छापा : अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई

# गढ़सिवनी रेत घाट में अवैध उत्खनन एक हाइवा और दो चेन माउंटेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गढसिवनी रेत घाट में पिछले डेढ़ माह से चल रहे रेत के अवैध उत्खनन मामले में लगातार खबरें सुर्खियां में रही तब मंगलवार को यहां छापामार कार्रवाई हुई। वहीं ग्रामीणों द्वारा भी इस मामले को लेकर आंदोलन और धरना प्रदर्शन की चेतावनी के बाद खनिज विभाग इस मामले को लेकर सजग हुआ। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई के क्रम में ग्राम पंचायत गढ़सिवनी, महानदी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों को रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा। खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने एक हाईवा (वाहन क्रमांक सीजी 09 जेआर 2999 जिसे युवराज ठाकुर द्वारा चला रहा था, को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वहीं दो चेन माउंटेन मशीन को अवैध रेत उत्खनन करते हुए जप्त किया गया। तीनों वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में खड़ा किया गया है।






### दो माह बाद ही छोड़े जाएं वाहने

खनिज माफियाओं की वाहनें तत्काल छोड़े जाने से इनके हौसले बुलंदी पर हैं। वाहनों को छुड़ाने के लिए अफसरों के पास ऊपरी अफसर या बड़े नेताओं के फोन आते ही उन्हें इन माफियाओं के सामने घुटने टेकने ही पड़ते हैं। बता दें पूर्व में वाहनों को थानों के सुपूर्द किए जाने और दो माह पश्चात ही छोड़े जाने का प्रावधान तय था। इसे पुनर्पालन में लाने की आवश्यकता और मांग उठ रही है ताकि, दो माह तक वाहनों का किराया अकारण चुकाने से माफियाओं को इस काम से तौबा करना पड़े।

### पिथौरा व खल्लारी क्षेत्र में भी अवैध रेत माफिया की धमक

रेत के अवैध उत्खनन से नाराज भुरकोनी (पिथौरा) के नाराज ग्रामीणों ने 15 ट्रैक्टर को रोका। बता दें कि अब खनिज माफिया महासमुंद में लगातार हो रही कार्रवाई के चलते अन्य ब्लाकों की ओर रुख कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों और अफसरों के नाक के नीचे हो रहा रेत का अवैध उत्खनन बेलगाम हो चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि जोंक नदी के चरौदा रेत घाट से लगातार रेत उत्खनन किया जा रहा। जबकि, इस घाट की नीलामी नही हुई है। यहां अवैध तरीके से रेत का उत्खनन किया जा रहा है।



### कानूनन अपराध है

खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है।

### हो रही लगातार कार्रवाई

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने हरिभूमि को बताया है कि जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध कार्यों में लिप्त वाहनें किसी भी सूरत में प्रशासनिक कार्रवाई के बगैर नही छोड़ी जाएंगी।

# अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन के लिए पढ़ई तिहार 25 को

## बंधित अधिकारियों और जिला नोडल की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में शिक्षा को प्रोत्साहित करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक अभिनव पहल के रूप में आगामी 25 अप्रैल को पढ़ई तिहार का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले बच्चों का स्वागत करना और उनके माता-पिता, विशेषकर माताओं और समुदाय को शिक्षा में सक्रिय भागीदार बनाना है।

कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक विनय कुमार लंगेह और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सह जिला परियोजना संचालक एस आलोक के निर्देशन में पढ़ई तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा, वहीं माताओं और समुदाय को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न रचनात्मक और प्रेरणादायक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिनमें नन्हे बच्चों का पारंपरिक स्वागत, माताओं के साथ संवाद एवं प्रेरणा सत्र, बाल-कला, गीत, खेल, और कहानी जैसी शैक्षिक गतिविधियाँ शामिल होंगी। इसके अलावा, शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित कर शिक्षा को एक उत्सव के रूप में मनाने की प्रेरक पहल की जाएगी। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्राथमिक शालाओं की महिला शिक्षिकाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है, जो शाला प्रवेशोत्सव के दौरान बच्चों को अपेक्षित दक्षताओं को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेंगी। इसके अलावा, माताओं के सहयोग से बच्चों को घर पर सीखने-सिखाने का वातावरण प्रदान किया जाएगा ताकि उनके कौशल विकास को प्रोत्साहित किया जा सके। समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिलेभर में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न अधिकारियों और नोडल की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए सहयोग के लिए जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा से डीएमसी रेखराज शर्मा, एपीसी सम्पा बोस, पीएमयू प्रियंका पटेल, जयप्रकाश यादव, संजय पटेल एवं जिला नोडल के रूप में भारती सोनी, विकासखंड नोडल के रूप में महासमुंद से खेमीन साहू, बागबाहरा से गीता साहू, पिथौरा से जितेश्वरी साहू मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों का ग्रीष्मकालीन अवकाश 25 से

**महासमुंद।** प्रदेश में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और लू के मद्देनज़र छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि में आंशिक संशोधन किया है। इस संबंध में जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जानकारी देते हुए बताया कि अब जिले के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 25 अप्रैल 2025 से लागू होगा। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि पहले यह अवकाश 1 मई 2025 से 15 जून 2025 तक निर्धारित किया गया था, लेकिन वर्तमान मौसम की प्रतिकूल स्थिति को देखते हुए इसे पूर्व में ही प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है, ताकि छात्र-छात्राओं को लू और गर्मी से बचाया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह आदेश केवल विद्यार्थियों पर लागू होगा। शिक्षकगण अपने विभागीय कार्यों के लिए विद्यालय में उपस्थित रहेंगे और विभागीय समसंख्यक आदेश की अन्य सभी शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी। कलेक्टर लंगेह ने स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें और शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

## आयोग अध्यक्ष ने बाल श्रम की रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान के निर्देश दिए

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने बाल श्रम की रोकथाम के लिए प्रदेश के समस्त जिलों में छापामार कार्रवाई किये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने 08 बिंदुओं पर सुनियोजित तथा कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए हैं। डॉ. शर्मा ने पत्र में लिखा है कि बाल श्रम की रोकथाम कोई एक दिवस की प्रक्रिया नहीं है अपितु यह एक सतत प्रक्रिया है। कहा गया है कि संपूर्ण प्रदेश के समस्त जिलों में अप्रैल 2025 से प्रारंभ कर प्रत्येक 03 माह में प्रदेश व्यापी सात दिवसीय छापामारी अभियान चलाया जाए। छापेमारी की कार्रवाई के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई/जिला पुलिस प्रशासन/संबंधित थाना क्षेत्र प्रशासन को शामिल करते हुए दल बनाया जाए तथा देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बाल श्रमिकों को आवश्यक होने पर यथाशीघ्र बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। साथ ही उन्होंने उक्त छापेमारी अभियान के दौरान समय-समय पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर जारी किए गए समस्त आदर्श क्रियान्वयन प्रक्रियाओं का पालन किये जाने के भी निर्देश दिये हैं। उन्होंने निर्देशों में यह भी लेख किया है कि अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस 12 जून 2025 को सार्थक बनाते हुए प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर के समक्ष श्रम विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा बाल श्रम की रोकथाम के संबंध में स्थिति का प्रस्तुतिकरण किया जाए। उन्होंने विभाग को यह भी अनुशंसा की है कि बाल श्रमिक के पाये जाने पर आम नागरिकों द्वारा इसकी सूचना श्रम विभाग को सुलभ रूप से देने के लिए श्रमायुक्त कार्यालय या राज्य मुख्यालय में एक टोल फ्री नंबर की सेवा को आरंभ किया जावे व आरंभ हो,तो उसे सक्रिय रखा जावे। बाल श्रम के मूल कारणों को ध्यान में रख्ने कहा है।

### सड़क सुरक्षा नियमों एवं सुरक्षा संबंधी उपायों के निर्देश दिए

# नियम विरूद्ध चलने वाले पर हो कार्रवाई: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर सड़क सुरक्षा नियमों एवं सुरक्षा संबंधी उपायों के निर्देश कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शाला खोलने और बंद करने के दौरान भारी वाहन के आवागमन और परिवहन पर विशेष सतर्कता बरती जाएं। इस दौरान भारी वाहनों के गुजरने पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने परिवहन अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारियों को इस बाबत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि स्कूल परिसर और मुख्य दरवाजे के सामने भारी वाहनों के पार्किंग पर भी कार्रवाई करें तथा वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जिला परिवहन अधिकारी रामकुमार ध्रुव एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




कलेक्टर लंगेह ने कहा कि विशेष तौर पर स्कूली बच्चों के आने-जाने के समय इस बात का ख्याल रखा जाए। बच्चों के स्कूली वाहन में सुरक्षा के सभी मापदंड पूरे हो। स्कूल प्रबंधन की यह जवाबदारी है कि स्कूल वाहनों में बच्चों की संख्या ओवर लोडेड न हो। साथ ही सुरक्षा संबंधी सभी उपायों का पालन करें। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी-कर्मचारी भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें। कार्यालय आने-जाने के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट लगाए। उन पर भी आम नागरिक की तरह पेनाल्टी की कार्रवाई करें। साथ ही नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर रोक लगाई जाए तथा आवश्यकतानुसार समझाइश देते हुए कार्रवाई भी करें। तेज गति से वाहन चलाते पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त की कार्रवाई भी सुनिश्चित किया जाए। इसी तरह जिले में क्षमता से अधिक फर्शी व खनिज परिवहन मालवाहकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

जिला परिवहन अधिकारी आरके ध्रुव ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा वर्ष 2025 में अब तक प्रेशर हार्न पर कार्रवाई करते हुए कुल 10249 वाहनों से 2 करोड़ 60 लाख 54 हजार 700 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया है। इसी तरह जिले में संचालित हो रहे मोटरसाईकल में 02 से अधिक व्यक्ति बैठे पाए जाने के विरूद्ध कुल 185 प्रकरणों में कार्रवाई कर 73 हजार 200 रुपए शुल्क वसूल किया गया है। बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल संचालन के विरूद्ध 936 प्रकरणों में कार्रवाई कर 4 लाख 67 हजार 100 रुपए एवं बिना सीट बेल्ट के कार संचालन के विरूद्ध कुल 1102 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 5 लाख 55 हजार 600 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया।

# अनुविभागीय अधिकारी ने ली डीजे संचालकों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर पैकरा ने डीजे संचालकों की बैठक ली। इस बैठक में ध्वनि प्रदूषण और नियमों के उच्च न्यायालय के आदेशों के परिपालन को लेकर निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि व्हीकल माउंटेन डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित है। बिना किसी सक्षम आदेश के चलाए जाने पर राजसात की कार्रवाई की जाएगी।

अनुविभागीय अधिकारी ने सभी संचालकों को उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोलाहल नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने डीजे की आवाज की सीमा और अनुमति संबंधी नियमों को स्पष्ट किया। संचालकों को यह भी बताया गया कि ध्वनि प्रदूषण से आम जनता को होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए संतुलित ध्वनि स्तर बनाए रखना आवश्यक है। इस बैठक के बाद प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किए जाएंगे और उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। बैठक में तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू, नायब तहसीलदार मोहित अमिला सहित स्थानीय डीजे संचालक मौजूद थे।

# 660 करोड़ के रीएजेंट घोटाले में ईडी की एंट्री... मोक्षित पर मनी लाड्रिंग का संदेह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी में हुए रीएजेंट और उपकरण खरीदी के 660 करोड़ के महाघोटाले में ईडी की एंट्री हो गई है। मामले में मोक्षित कार्पोरेशन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों पर मनी लाड्रिंग का संदेह है। मामले में ईडी ने ईसीआईआर दर्ज की है। विभागीय अफसरों की मिलीभगत से अंजाम दिये गए इस महाघोटाले से दवा कार्पोरेशन से जुड़े कई बड़े अफसरों की मुश्किलें और बढ़ने का अनुमान है।

स्वास्थ्य विभाग और दवा कार्पोरेशन से जुड़े सबसे बड़े घोटाले में इस बात का संदेह भी है कि अवैध तरीके से की गई कमाई को अन्य जगह भी निवेश किया गया है। इस शक के आधार पर ईडी ने ईसीआईआर की प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। जांच में अगर धनशोधन का मामला सही पाया जाता है तो दोषियों के खिलाफ पीएमएलए एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की जांच अब तक ईओडब्लू के पास थी, मगर घोटाले के इंवेस्टीगेशन में प्रवर्तन निदेशालय की एंट्री मामले को और अधिक गंभीर बना रहा है। ईओडब्लू की टीम इस मामले में मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा के अलावा सीजीएमएससी से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मामले की जांच जारी होने की वजह से सभी आरोपी अभी न्यायिक रिमांड पर जेल में हैं। इस प्रकरण में कुछ और लोगों के जुड़े होने का संदेह है, जिस आधार पर आने वाले दिनों में और लोगों की गिरफ्तारी का अनुमान है।

- घोटाले से जुड़े अफसरों की बढ़ेंगी मुश्किलें, मामला फिर चर्चा में

### दर्ज हुई ईसीआईआर




### पुराने अफसरों से भी पूछताछ

घोटाले की जांच में ईडी की एंट्री के साथ ईओडब्लू की जांच में भी तेजी आने की खबर है। सूत्रों के मुताबिक ईओडब्लू के इंवेस्टीगेशन में सीजीएमएससी से जुड़े कुछ पुराने अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। इस मामले में कार्पोरेशन के मुखिया स्तर के अधिकारियों से भी पूछताछ की गई है। प्रकरण में अब तक किसी बड़े अफसर पर हाथ नहीं डाला गया है जबकि ईओडब्लू की एफआईआर में की बड़े अधिकारियों को द्वारा मामले में गैर जिम्मेदाराना काम किये जाने का जिक्र है।

### कई गुना दामों में अंधाधुंध खरीदी

इस महाघोटाले को अंजाम देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से साजिश रची गई। बाजार में कम दामों में मिलने वाले रीएजेंट और उपकरणों के हजार गुना से अधिक दाम तय किये गए और उनकी अंधाधुंध तरीके से खरीदी की गई। अफसरों ने इसके लिये सारे नियम-कायदों को ताक में रखकर अनुमति दी। थोक में खरीदी के बाद रीएजेंट और उपकरणों को ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाकर ठूंस दिया गया जहां उसकी जरुरत ही नहीं थी। इसकी वजह से सारे केमिकल खराब हो गये और शासन को करोड़ों रुपये का नुकसान हो गया।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को बेहतर सिखाने का लिया संकल्प



**रायपुर**। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास परियोजना रायपुर शहरी वन के अंतर्गत ईसीसीई मेला सीखओं और सिखावो का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुरानी बस्ती स्थित नवीन सरस्वती कन्या विद्यालय में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में 116 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग कॉर्नर पर खेल-खेल में गतिविधियों को सीखा और इस सीखे हुए को अपने-अपने आंगनबाड़ी केंद्रो में बच्चों को बेहतर सिखाने का संकल्प लिया, इस मेले में समस्त पार्षद, महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर, रायपुर शहरी वन की परियोजना अधिकारी प्रीति प्रसाद पर्यवेक्षक विजिया, वंदना, कविता अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के समस्त सदस्य रजत, योगेंद्र, राधेश्याम, कमला बीनु, मनोज, संध्या, आराधना श्रीदेवी, रिचा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित रहे।

### आक्रोशपूर्ण आंदोलन करने की तैयारी करेगी कांग्रेस



**रायपुर**। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि जब से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से भारत देश में आपराधिक मामलों की सूची में यूपी बिहार को पीछे छोड़ छत्तीसगढ़ प्रदेश नंबर वन पर आ गया है, छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है। यहाँ बलात्कार, हत्या, अपहरण, लूट, डकैती और चोरी जैसे वारदात आम हो गए हैं, जिसका सीधा-सीधा ग्राफ जो केवल छत्तीसगढ़ के कुछ ही जिलों में जनवरी 2024 से वर्तमान की स्थिति तक का आँकड़ा पूरी तरह बयाँ कर रहा है, तो यदि छत्तीसगढ़ के सभी जिलों का ग्राफ निकाला जाएगा तो क्या स्थिति होगी। जिसमें हत्या में 1027, लूट 424, चोरी 7288, बलात्कार 2980, अपहरण 3333 और डकैती में 54 मामले शामिल हैं। श्री उपाध्याय ने कहा यदि इसी प्रकार से आपराधिक मामले प्रदेश में बढ़ते रहे तो कांग्रेस पार्टी जनता के न्यायहित में इससे भी ज्यादा आक्रोशपूर्ण आंदोलन करने तैयार रहेगी।

### राजधानी के फीडरों के ट्रांसफार्मरों में ही लगे करीब दो दर्जन कूलर

# पुराने ट्रांसफार्मरों में तापमान 70 डिग्री कूलिंग के लिए कूलरों का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर


खास खबर

प्रदेश में इस बार अप्रैल में ही रिकॉर्डतोड़ गर्मी पड़ रही है। इसका असर चौरतफा दिख रहा है। एक तरफ जहां बिजली की खपत आसमान पर जा रही है, वहीं फीडरों के पुराने ट्रांसफार्मर हांफने लगे हैं। ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए कूलरों का सहारा लेना पड़ रहा है। राजधानी रायपुर के ही फीडरों के ट्रांसफार्मरों को गर्मी से बचाने के लिए करीब दो दर्जन कूलर लगाए गए हैं। प्रदेश के कई फीडरों में थोक में कूलरों का सहारा लिया जा रहा है। जिन भी पुराने ट्रांसफार्मरों में आइल का तापमान 70 डिग्री तक जा रहा है, वहां पर कूलर लगाने की जरूरत पड़ रही है।

प्रदेश भर के फीडरों में थोक में 20 साल से ज्यादा पुराने ट्रांसफार्मर हैं। इन ट्रांसफार्मरों की कूलिंग क्षमता कम हो जाती है। आमतौर पर ट्रांसफार्मरों में कूलिंग क्षमता होने के कारण गर्मी में ये परेशान नहीं करते हैं। गर्मी में ट्रांसफार्मरों का तापमान 60 डिग्री के आस-पास रहता है। यह सामान्य माना जाता है। लेकिन जो पुराने ट्रांसफार्मर होते हैं उनका तापमान 60 डिग्री से पार होकर 70 डिग्री या इससे ज्यादा हो जाता है। जैसे ही तापमान 60 डिग्री के पार जाता है तो ऐसे ट्रांसफार्मरों की नियमित देखरेख होती है और तापमान 70 डिग्री के करीब पहुंचने पर इनको ठंडा करने के लिए कूलर लगाने पड़ते हैं। इस समय भी राजधानी रायपुर के सिविल लाइन और डगनिया सहित अन्य फीडरों में ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए 22 कूलर लगाए गए हैं।

### फीडरों के पुराने ट्रांसफार्मर हांफने लगे हैं





### उत्पादन संयंत्र भी हांफ रहे

एक तरफ जहां गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं, वहीं छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के कोरबा और मड़वा के संयंत्र कभी भी हांफ जाते हैं। सोमवार को ही कोरबा वेस्ट में 210 मेगावाट का एक संयंत्र और डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्र में 250 मेगावाट का एक संयंत्र हांफ गया। ऐसा होने से बिजली का उत्पादन प्रभावित हो गया। पॉवर कंपनी के संयंत्रों में जो रोज का उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट होता है, वह 18 सौ मेगावाट पर गया। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ी। इस समय प्रदेश में बिजली की खपत पीकआवर में 65 सौ मेगावाट या इससे भी पार जा रही है।

### पुराने ट्रांसफार्मरों में लगाने पड़ते हैं कूलर

जो ट्रांसफार्मर पुराने हैं, उनकी कूलिंग क्षमता कम हो जाती है। गर्मी में लगातार ट्रांसफार्मरों के आइल का तापमान चेक किया जाता है। जिनका तापमान 70 डिग्री के आसपास हो जाता है, उनके लिए कूलरों की व्यवस्था करते हैं।

- **भीम सिंह कंवर**, एमडी, पॉवर वितरण कंपनी

# देर रात तक डीजे बजने से विद्यार्थी व वार्डवासी परेशान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद ने की पुलिस अधीक्षक से शिकायत
- जोरा के पंजाब केशरी भवन में आयोजन के दौरान ध्वनि प्रदूषण का मामला

जोरा स्थित पंजाब केशरी भवन में देर रात तक डीजे साउंड से स्थानीय रहवासी परेशान हैं, साथ ही विद्यार्थियों को भी इससे असुविधा हो रही है। इस बात को लेकर वार्डवासियों ने पार्षद रेणु-जयंत साहू के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। साथ ही तेज आवाज में बजाये जाने वाले डीजे से निजात दिलाने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित जोरा के पंजाब केसरी भवन में विवाह व अन्य समारोह के दौरान डीजे से ध्वनि प्रदूषण को लेकर शिकायत का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासियों ने वार्ड पार्षद के साथ सोमवार को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। शिकायत कर्ताओं का कहना है, संबंधित भवन के आसपास बस्ती और कॉलोनी है, जहां स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे रहते हैं। संबंधित भवन विवाह व अन्य समारोह के लिए किराए पर दिया जाता है। इस दौरान देर रात तक डीजे साउंड का उपयोग किये जाने से ध्वनि प्रदूषण होने से विशेषकर स्कूल-कालेज के विद्यार्थियों एवं बीमार तथा बुजुर्ग लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

भवन के प्रबंधन समिति को इससे अवगत कराकर आग्रह किया गया कि शोरगुल ज्यादा न हो, इस बात का ध्यान रखा जाए। इसके बाद भी इसकी अनदेखी हो रही है।

# बीसीए प्रथम वर्ष में 50% विद्यार्थी अनुत्तीर्ण



- ओल्ड कोर्स के अंतर्गत 32 छात्रों के लिए आयोजित की गई थी परीक्षा
- बीसीए द्वितीय वर्ष के नतीजे रहे 59 .77 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सोमवार को बीसीए द्वितीय वर्ष के साथ ही बीसीए प्रथम वर्ष ओल्ड कोर्स के नतीजे भी जारी कर दिए गए। दोनों ही कक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या 60% तक भी नहीं पहुंच सकी। बीसीए प्रथम वर्ष ओल्ड कोर्स के अंतर्गत रविवि ने 32 छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित की थी। इनमें से 16 छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। विवि द्वारा 10 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है, जबकि 6 छात्रों को पूरक श्रेणी में रखा गया है। इस तरह से परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत ही रहे। वहीं बीसीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा में 701 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 419 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 81 विद्यार्थी परीक्षा पास नहीं कर सके हैं। 198 छात्रों को पूरक श्रेणी में रखा गया है और 3 के नतीजे विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। नतीजे 59.77% रहे। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा में एक भी छात्र अनुपस्थित नहीं थी।

### 2023, 2024 व 2025 के रुके हुए परिणाम जारी

बीसीए के अलावा रविवि ने सोमवार को विभिन्न कक्षाओं के रुके हुए परिणाम भी जारी किए हैं। इनमें एमकॉम, एमएससी सहित बीएड भी शामिल है। ना केवल वर्ष 2024 और 2025 बल्कि 2023 के भी रुके हुए परिणाम अब जारी किए गए हैं। इनमें से कुछ छात्रों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण रुके हुए थे, जिनके निपटान के बाद नतीजे जारी किए गए तो कुछ के नतीजे अन्य कारणों से विवि प्रबंधन ने रोका था। सभी नतीजे विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

# ट्रक मैकेनिक के साथ मारपीट वीडियो वायरल, आज सभी मोटर मैकेनिक हड़ताल पर रहेंगे





- घटना खमतराई थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

ट्रक हटाने के विवाद पर एक ट्रक मैकेनिक ने आधा दर्जन से ज्यादा अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट करने की खमतराई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मारपीट की घटना का सीसीटीवी फूटेज वायरल हुआ है, जिसमें बदमाश मेकैनिक के साथ बुरी तरह से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की पतासाजी करने की बात कह रही है।

डीजल पंप मेकैनिक राहुल देव शर्मा ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राहुल ने पुलिस को बताया है कि वह ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रक सुधारने का काम करता है। शनिवार को एक ट्रेलर गाड़ी की मरम्मत करने के बाद वह उसे निकाल रहा था। इसी दौरान ट्रेलर के सामने एक अन्य ट्रक से दूसरे ट्रक में माल क्रासिंग किया जा रहा था। ट्रेलर निकालने के लिए ट्रक साइड में करने के लिए कहने पर ट्रक मालिक ने मौके से ट्रक हटा लिया। एक घंटे के बाद ट्रक मालिक आधा दर्जन लोगों के साथ राहुल के पास पहुंचा और सभी उसकी पिटाई करने लगे। घटना से आहत छत्तीसगढ़ मेकैनिक संघ के अध्यक्ष सुभाष कुंडू ने मंगलवार को हड़ताल करने की घोषणा की है। साथ ही आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट, मोबाइल अपडेट करने वाट्सएप नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

एक अप्रैल 2019 के पूर्व के जितने वाहन है, उन सभी वाहनों में अनिवार्य रूप से हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगवाने आरसी बुक में मोबाइल नंबर अपडेट होना जरूरी है। कई ऐसे वाहन मालिक हैं, जो पूर्व में मोबाइल नंबर उपयोग करते थे। वर्तमान में वह मोबाइल नंबर बंद हो गया है। बंद मोबाइल आरसी बुक में एंट्री है। ऐसे में वाहन मालिक परिवहन विभाग की वेबसाइट में जाकर स्वयं से अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं। कई ऐसे वाहन मालिक हैं, जो वेबसाइट के माध्यम से मोबाइल नंबर अपडेट नहीं कर पा रहे हैं, उनकी सुविधा के लिए मोबाइल नंबर अपडेट कराने परिवहन विभाग ने वाट्सएप नंबर जारी किया है। आरसी बुक में मोबाइल नंबर अपडेट करने वाहन मालिक सीजी ट्रांसपोर्ट डॉट जीओवी डॉट इन में ऑनलाइन मोबाइल नंबर के साथ एचआरएस नंबर प्लेट के लिए आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं कर पाने वालों के लिए परिवहन विभाग ने 7869745862, 8871422065, 9752765562, 7898779462, 9752787162 एवं 8982812162 में किसी भी एक मोबाईल नंबर पर कार्यालयीन दिवसों में सुबह 10:30 बजे से शाम 04:00 बजे तक व्हाट्सएप के माध्यम से मोबाइल नंबर अपडेट करने जरूरी दस्तावेज अटैच कर आवेदन कर सकते हैं।

### ऑनलाइन सिस्टम में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं कर पाने वाले वाहन मालिकों के लिए सुविधा




### नंबर अपडेट करने इन दस्तावेजों की जरूरत

पंजीकृत वाहन स्वामी मोबाइल नंबर अपडेट करने स्वसत्यापित आधार कार्ड में स्वयं का मोबाईल नंबर लिखकर एवं वाहन क्रमांक अंकित कर वाहन का आरसी बुक के साथ पीडीएफ फॉर्मेट तैयार कर पीडीएफ फाइल बनाकर वाट्सएप करना पड़ेगा। एक ही पीडीएफ फाईल भेजने पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा मोबाईल नंबर अपडेट करने की कार्यवाई की जाएगी। मोबाइल नंबर अपडेट होने पर वाहन मालिक को व्हाट्सएप के माध्यम से सूचित किया जावेगा।

# वित्त का निर्देश सभी विभाग समय पर करें बिजली बिल का भुगतान, लेकिन विभागों पर ही 357 करोड़ का बकाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने हाल ही में प्रदेश के सभी विभागों को बजट में शामिल योजनाओं और कार्यों के लिए प्रावधानों से संबंधित व्यय के बारे में दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस निर्देश में कहा गया है कि शासकीय कार्यालयों के विद्युत देयक समय पर भुगतान नहीं किए जाने से एरियर्स के रूप में बड़ी राशि भुगतान के लिए लंबित हो जाती है, यह स्थिति उचित नहीं है। दूसरी ओर सरकार की ही एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य शासन के विभिन्न विभागों पर 357.88 करोड़ रुपए है।

### अरबों रुपयों का है बिल बकाया

एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार राज्य में अरबों रुपए का बिजली बिल विभिन्न संस्थानों पर बकाया है। वर्ष 2023-24 की स्थिति में राज्य सरकार पर 357.88 करोड़, सहित पिछले चार साल का बकाया मिलाएं तो यह राशि 1407 करोड़ रुपयों से अधिक होती है।

### वित्त ने दिया है ये निर्देश

वित्त विभाग द्वारा सभी विभागों के बजट में बिजली बिल भुगतान के लिए प्रतिवर्ष आवश्यक प्रावधान किया जाता है, किन्तु यह देखने में आया है कि शासकीय कार्यालयो के विद्युत देयकों का समय पर भुगतान नहीं किये जाने से एरियर्स के रूप में बड़ी राशि भुगतान हेतु लबित हो जाती है। राज्य शासन की विद्युत वितरण कंपनी को समय पर राशि प्राप्त नहीं होने से उनका वित्तीय प्रबंधन प्रभावित होता है एवं राज्य शासन पर देयता निर्मित होती है। यह स्थिति उचित नही है। इसलिए विभागों द्वारा समस्त शासकीय कार्यालयों के विद्युत देयकों का समय पर भुगतान किया जाये तथा भुगतान में विलंब अथवा देयकों के लंबित होने की स्थिति में उत्तरदायित्व निर्धारण की कार्यवाही की जाये।

# जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक, हजारों शामिल

**रायपुर**। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मीटिंग करने के लिए बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विधानसभा से पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचे थे। इसके अलावा फलस्वरूप आरंग, अभनपुर, धरसीवां, बीरगांव, तिल्दा धनेंद्र साहू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता सत्यनारण शर्मा, पूर्व मंत्री शिव कुमार डहरिया, पूर्व सांसद छाया वर्मा, अनीता शर्मा, पंकज शर्मा, नंदलाल देवागन, डोमें शवरी वर्मा, पप्पू बंजारे, सौरभ मिश्रा, विद्याभूषण सोनवानी, कोमल साहू, दुर्गेश वर्मा, योगेंद्र सोलंकी, जयंत साहू, राजा खान, अश्वनी वर्मा, देवव्रत नायक सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।



# जिले के बाद संभाग में भी नहीं मिले खाली पद, अनुकंपा नियुक्ति की 22 फाइलें अटकी

संभाग कमिश्नर कार्यालय से जिला प्रशासन को भेजी गई वापस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अनुकंपा नियुक्ति के नियमों में किए गए बदलाव के कारण रायपुर जिले में कई लोग अनुकंपा नियुक्ति पाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें नौकरी मिल नहीं पा रही है। कोविड काल के बाद से रायपुर संभाग अंतर्गत जिलों से अनुकंपा नियुक्ति पर नौकरी पाने के लिए 60 से ज्यादा आवेदन किए गए थे, जिनमें सबसे ज्यादा आवेदन रायपुर जिले के हैं। रायपुर जिले के आवेदनों में 22 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिल पाई है, जिसके कारण उनकी फाइलें भी कमिश्नर संभाग कार्यालय से जिला प्रशासन को वापस भेज दी गई हैं। नियुक्ति नहीं मिलने का कारण आवेदकों द्वारा अपनी योग्यता के अनुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर नौकरी मांगी गई थी।



### तृतीय श्रेणी में 10 प्रतिशत अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान

तत्कालीन कांग्रेस शासनकाल में राज्य में दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने के नियमावली में संशोधन किया गया था। इसके तहत तृतीय श्रेणी में 10 प्रतिशत ही अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान किया है। इस नियम के कारण सहायक ग्रेड-3 के पदों पर रिक्त पद होने के बाद भी अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिल पा रही है। रायपुर संभाग अंतर्गत रायपुर, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जिले से अनुकंपा नियुक्ति के लिए जितने आवेदन आए हैं, उनमें ज्यादातर सहायक ग्रेड-3 पदों के लिए हैं।

### क्या है नियम-प्रक्रिया

अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया के तहत किसी भी शासकीय पद में कार्यरत अगर किसी कर्मचारी की सेवानिवृत्त होने से पूर्व आकस्मिक मृत्यु हो जाती है, तो उसके आश्रित को उसकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार उसी पद पर या उससे नीचे पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है। इसके तहत सबसे पहले आवेदक को संबंधित विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन करता है। विभाग स्तर पर अगर नियुक्ति नहीं मिल पाता है, तो आवेदन को जिला प्रशासन को भेजा जाता है। इसके बाद कलेक्टर अपने स्तर पर जिले में अन्य विभाग में आवेदक की मांग के अनुसार पद खाली होने पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है।

**सहायक ग्रेड-3 के पद रिक्त नहीं होने पर ग्रेड-4 के लिए करना होगा दोबारा आवेदन**

अनुकंपा नियुक्ति के नियम के तहत सहायक ग्रेड-3 के लिए अगर किसी ने आवेदन किया है और संबंधित पद रिक्त नहीं है तो आवेदक को सहायक ग्रेड से नीचे पद के लिए दोबारा आवेदन करना होगा। बताया गया है कि रायपुर जिले में अनुकंपा नियुक्ति की जो फाइलें कमिश्नर कार्यालय से प्रशासन को वापस भेजी गई हैं, उनमें आवेदकों ने सहायक ग्रेड-3 पद के लिए आवेदन किया था।

खबर संक्षेप



## बाजार वार्ड में 30 लाख का काम 3 साल से अटका: देवीचंद

**महासमुंद।** पौनी पसारी योजना के तहत गोल बाजार में निर्मित शौचालय का निरीक्षण नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी वार्ड पार्षद व सभापति के प्रतिनिधि संजय भोई, वार्ड क्र. 26 पार्षद पीयूष साहू द्वारा किया गया। शौचालय निर्माण उपरांत आवश्यक निर्माण संबंधी कार्य लंबित है। शौचालय की निकासी के लिए नाली निर्माण करना आवश्यक है, पेवर ब्लाक बिछाना, विद्युत के खंभे लगाना एवं बाउंड्रीवाल का काम है, छोटे-छोटे काम पेंडिंग होने के कारण चालू नहीं हो पा रहा है। निर्माण की लागत 30 लाख रुपए है। लगभग 3 साल से अधिक हो गया, अभी तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। सब इंजीनियर से दूरभाष पर चर्चा कर निर्देश दिया गया कि इतना पुराना काम शीघ्र पूरा कराए। अगर ठेकेदार काम करने के इच्छुक नहीं है तो ठेके को समाप्त कर दूसरी निविदा बुलाई जाए। बाजार के व्यापारी परेशान है, जब तक शौचालय की निकासी व्यवस्था सुचारू रूप से नही हो जाती तब तक शौचालय को चालू नहीं किया जा सकता। शीघ्र काम कराया जाए। निरीक्षण के दौरान शरद राव, भरत खत्री, तुलसी साहू, गौरव राठी, गुलशन राठी, सलीम खान सहित बाजार के व्यापारीगण मौजूद रहे।

## मठपुरैना में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ

**रायपुर।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन विधायक सुनील सोनी ने फीता काटकर किया। जन औषधि केंद्र खुलने का समय सुबह 9 बजे से 3 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। इस केंद्र के खुलने से आसपास के लोगों को जेनेरिक दवाई सस्ते में उपलब्ध होगी। इसी दौरान विधायक सोनी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना में पूरे परिसर का साफ सफाई, मेडिकल सुविधा, डॉक्टर रूम, नर्सिंग स्टाफ एवं पूरे परिसर का अवलोकन करने के साथ किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उसका जल्दी समाधान करने का आश्वासन दिया।

### आयोजन : कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि हुए शामिल, पोषण के महत्व को बताया

# पोषण पखवाड़ा के अंतिम दिन जागरुकता कार्यक्रम पौष्टिक आहार प्रदर्शनी का भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पोषण पखवाड़ा 2025 के समापन अवसर पर स्थानीय संत रविदास भवन में शहरी परियोजना अंतर्गत वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, सहायिका और क्षेत्र की शिशुवती माताएं और गर्भवती महिलाएं, किशोरी और स्कूली बच्चे मौजूद थे। दो सप्ताह तक चले इस अभियान के अंतिम दिवस पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों, स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों, पौष्टिक आहार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शिविर में इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरुकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पोषण पर आधारित रंगोली और स्लोगन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षदगण सीता डोंडेकर, राहुल आवड़े, जय देवांगन, सूरज नायक, धनेन्द्र चंद्राकर, मुस्ताक खान, ईश्वरी भोई, ओमीन कागजी, कल्पना सूर्यवंशी, बड़े मुन्ना देवार, माखन पटेल, चंद्रशेखर बेलदार एवं नीरज चंद्राकर मौजूद थे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने माताओं को सही पोषण और स्वस्थ्य जीवन के लिए उचित खान पान अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में कुपोषण मुक्त भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में पहल की गई। साथ ही बाल विवाह मुक्त समाज की संकल्पना को दोहराया गया। विभागीय योजनाओं से संबंधित अध्ययन सामग्री भी प्रदान किया गया।परियोजना अधिकारी शैल नाविक एवं पर्यवेक्षक शीला प्रधान द्वारा माताओं और किशोरी बालिकाओं को सही पोषण-देश रोशन का संदेश देते हुए दैनिक जीवन में संतुलित आहार और नियमित व्यायाम को अपनाने का आह्वान किया गया। पोषण पखवाड़ा में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण की रोकथाम और निवारण के उपाय बताए गए। इसके साथ ही पखवाड़े में संतुलित भोजन क्या है और उसे कैसे अपनाया जाए तथा घरेलू या स्कूल स्तर पर पोषण वाटिकाओं को प्रोत्साहित करने और मोटे अनाजों का उपयोग बढ़ाने पर जागरूक किया गया। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आंगनवाड़ी सेवाएं, मिड-डे मील, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के ज़रिए पोषण सुधार को बढ़ावा देने प्रेरित किया गया। पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली और पोषण संबंधी जागरूकता के प्रति प्रेरित करना है। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और किशोरों में पोषण स्तर को बेहतर बनाना है।

## शहर में क्रिकेट समर कैंप का आयोजन, वन डे मैच भी होंगे

**महासमुंद।** टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी द्वारा विगत 10 अप्रैल से क्रिकेट समर कैंप का आयोजन किया गया है। यह समर कैंप आगामी 2 माह तक जारी रहेगा। यह समर कैंप मिनी स्टेडियम महासमुंद में प्रति दिन आयोजित किया जा रहा है। इस समर कैंप में एक दिवसीय वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता का मैच रखा गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनके साथ एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शहबाज राजवानी भी उपस्थित रहे।



इस अवसर पर टर्मिनेटर एकेडमी के संचालक एनआईएस क्रिकेट कोच शबाब कुरैशी ने बताया कि इस समर कैंप में खिलाड़ियों को केवल क्रिकेट की बारीकियों से ही नहीं अपितु शारीरिक दक्षता, टीमवर्क, समस्या-समाधान, संचार, अस्तित्व, रचनात्मकता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता जैसे कौशल सिखाया जा रहा है। बच्चों के विकास के लिए यह कैंप महत्वपूर्ण है। ये कौशल तत्काल विकास को बढ़ावा देते हैं और भविष्य की सफलता और कल्याण के लिए एक मजबूत आधार तैयार करते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सभी खिलाड़ियों को अपने उद्बोधन में बताया कि यह क्रिकेट कैंप महासमुंद जिले के खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा आयोजन जो की प्रति वर्ष इस मिनी स्टेडियम के मैदान में लगाया जाता है और खिलाड़ियों को क्रिकेट का ज्ञान दिया जाता है। निखिल ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और अभ्यास मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अथर्व राज सिंह को प्रदान किया। इस कार्यकर्म में मुख्य रूप से टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच एवं डायरेक्टर शबाब कुरैशी कोच जमशेद रज़ा एवं अभिभावक शामिल हुए।

# कृषि विभाग ने की कमीशन के लिए अनुपयोगी सामग्री की खरीदी: विनोद

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा की गई सुशासन के हर दावे का पोल सरकारी अधिकारियों के भ्रष्ट आचरण से खुल रहा है।

पूरे प्रदेश सहित जिले में कृषि विभाग के कई कारनामे सामने आ रहे हैं। महासमुंद कृषि विभाग का एक और भ्रष्टाचार एलआरपी से भी ऑनलाइन रुपए लिए जाने की शिकायत आ रही है। इससे प्रशासनिक शून्यता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है। जिले के प्रायः प्रत्येक विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है। आम जनता की फरियाद अधिकारी तवज्जो नहीं दे रहे है, कृषि विभाग महासमुन्द में किये गये भ्रष्टाचार की पोल परत दर परत खुल रही है। किसानों के साथ विभाग द्वारा घोर अन्याय किया जा रहा है। यहां तक की संचालक कृषि विभाग के आदेशों को भी धता बताकर उप संचालक द्वारा मनमाने तरीके से नियम प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए चहेते ठेकेदारों से सामग्री क्रय की जा रही हैं, जो किसानों के उपयोग के हैं ही नहीं। यहां तक की वितरण भी नहीं किया गया। चंद्राकर ने कहा कि परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत कलस्टर का चयन किया जाता है, एक कलस्टर में एक एलआरपी को देखरेख एवं योजना के संबंध में किसानों को अवगत कराने के लिए विभाग द्वारा रखा जाता है। जिसे एक वित्तीय वर्ष में राशि 50 हजार रुपए एकमुश्त दिया जाता है। जिससे ये सालभर इसी राशि को योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यय करते हैं। उप संचालक कृषि महासमुंद के कार्यालय में इस योजना के शाखा प्रभारी एवं आत्मा योजना के ऑपरेटर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बागबाहरा में पदस्थ द्वारा एलआरपी से भुगतान किए गए राशि को वापस ले लिया जाता है। यह विभाग इतना भ्रष्टाचार में बेखौफ होकर खुलेआम एलआरपी ऑनलाइन, चेक के माध्यम से अपने खातों में राशि हस्तांतरण करवाने से भी नहीं डरते। ऑनलाइन राशि हस्तांतरण के स्क्रीनशॉट इस बात को बयां कर रहे हैं। साथ ही नगद राशि जो ले लेते हैं, ओ अलग। पूर्व विधायक ने कहा कि सामान क्रय करने के बदले में ठेकेदारों से मिलने वाले कमीशन राशि से भी संतुष्ट न होकर एलआरपी से भी राशि वसूली जा रही है। इनके बैंक खातों की भी जांच किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि परंपरागत कृषि विकास योजना के शाखा प्रभारी को उपसंचालक कृषि महासमुंद द्वारा इसी काम के लिए ही अन्यत्र पदस्थापना होते हुये भी कार्यालय, उप संचालक कृषि महासमुंद में ही संलग्न किया गया है। जिले के कृषकों द्वारा शाखा प्रभारी को शाखा से हटाकर मूल पदस्थापना में भेजे जाने की मांग की जा रही है। पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर द्वारा प्रमुख सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, छत्तीसगढ़ शासन एवं कलेक्टर महासमुंद को पत्र के माध्यम से किसानों की पीड़ा से अवगत करवाते हुए उक्त शाखा प्रभारी का संलग्नीकरण अविलंब समाप्त किये जाने की मांग की गई है। साथ ही जांच कर भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई किये जाने की मांग की गई है।



## माताओं को सही पोषण और स्वास्थ्य जीवन के लिए उचित खान-पान अपनाने की सलाहः सरला



**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं महिला बाल विकास के मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा चलाये जा रहे पोषण पखवाड़ा के तहत एकीकृत महिला एवं बाल विकास द्वारा सेक्टर तोरेसिंहा में आयोजित पोषण पखवाड़ा एवं बाल संदर्भ शिविर के अंतिम दिवस में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया शामिल हुई।

इस अवसर पर सरला कोसरिया ने माताओं को सही पोषण और स्वस्थ्य जीवन के लिए उचित खान पान अपनाने की सलाह दी। कुपोषण मुक्त भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में पहल की गई। साथ ही बाल विवाह मुक्त हो। पोषण पखवाड़ा में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण की रोकथाम और निवारण के उपाय बताए गए। साथ ही पखवाड़े में संतुलित भोजन क्या है और उसे कैसे अपनाया जाए तथा घरेलू या स्कूल स्तर पर पोषण वाटिकाओं को प्रोत्साहित करने और मोटे अनाजों का उपयोग बढ़ाने पर जागरूक किया गया। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आंगनवाड़ी सेवाएं, मिड-डे मील, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के जरिए पोषण सुधार को बढ़ावा देने प्रेरित किया गया। पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली और पोषण संबंधी जागरूकता के प्रति प्रेरित करना है। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और किशोरों में पोषण स्तर को बेहतर बनाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरला कोसरिया प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला आयोग की सदस्य, कुमारी भास्कर, लोकनाथ बारी जिला पंचायत सदस्य, सुनीता कुमार सरपंच तोरेसिंहा, उद्धव नंद जनपद सदस्य, आकाश प्रधान शाला विकास समिति अध्यक्ष, सचिन माखनलाल चौधरी, वी लक्ष्मण चौधरी उपस्थित रहे। परियोजना अधिकारी जीआर नारंग के मार्गदर्शन से कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेक्टर सुपरवाइजर स्वरूपा भोई, सुपरवाइजर चंद्रिका कुमार व सुपरवाइजर रेखा खमारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शब्यानाग, पुष्पा प्रधान, सुमति बेहरा, सरिता विशाल, सुभाषिनी भोई व समस्त तोरेसिंहा सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सरला कोसरिया व कुमारी भास्कर द्वारा पोषण के संबंध में गर्भवती माता, शिशुवती माता को विस्तृत जानकारी दी गई। अंत में गोद भराई व अन्नप्राशन का कार्यक्रम किया गया।

## बिजली कनेक्शन देने एई राजस्व रिकार्ड में नाम चढ़ाने पटवारी ने मांगे पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





एसीबी ने रायपुर तथा कोरबा में दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के एक सहायक अभियंता तथा कोरबा में एक पटवारी को 25-25 हजार रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सहायक अभियंता के खिलाफ एक कारोबारी ने बिजली कनेक्शन देने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। पटवारी के खिलाफ एक किसान ने राजस्व रिकार्ड में ऑनलाइन नाम दर्ज कराने के बदले पैसे मांगने की एसीबी के पास शिकायत दर्ज कराई थी। भिलाई, चरोदा निवासी बी. शिवाजी राव की शिकायत पर एसीबी ने सहायक अभियंता प्रवीण साहू को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बी. शिवाजी राव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह चंगोराभाठा स्थित जोन कार्यालय में एसी सर्विस का व्यवसाय करने 12 केवी थ्री फेस में बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन दिया था। कनेक्शन देने के एवज में प्रवीण ने कारोबारी से रिश्वत की मांग की। इसकी शिकायत बी. शिवाजी राव ने एसीबी से की। इसके बाद जाल बिछाकर एसीबी की टीम ने प्रवीण को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

## अग्निवीर में चयन होने पर डोमन का ग्रामीणों ने किया स्वागत...



महासमुंद। अग्निवीर में डोमन कुमार धीवर चयन हुआ है। गांव पहुंचने पर धीवर समाज एवं समस्त ग्रामवासियों ने गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाल कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी अजय जांगड़े, योगेश पटेल, ठाकुराम धीवर, गंगा प्रसाद धीवर, पूर्व सैनिक नारायण चंद्राकर, दीनू पटेल, तिलक धीवर, उदय धीवर, लोचन चंद्राकर, दशरू पटेल, देवनाथ रैला, सालिक पटेल, एसकुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

### भाजपा संगठन महामंत्री साय से मुलाकात

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने रायपुर स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में भाजपा छत्तीसगढ़ संगठन महामंत्री पवन साय से सौजन्य मुलाकात की और अनेक संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की।

एजेंसी देना है

हरिभूमि

समाचार पत्र महासमुंद जिला के अंतर्गत

झलप, छिलपावन

में संवाददाता नियुक्ति करना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
स्वयं का वाहन, शिक्षा 12वीं से स्नातक

संपर्क - हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
9098324969

## दुर्गापाली विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित, सिमरन प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली का स्थानीय परीक्षा 9वीं व 11वीं का परिणाम घोषित किया गया।

परीक्षा परिणाम जारी करने हेतु आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौना पटेल सरपंच ग्राम पंचायत दुर्गापाली, अध्यक्षता निमंकर पटेल प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि लक्ष्मण पटेल प्रधान पाठक उच्च प्राथमिक शाला सागरपाली, राजकुमार पटेल सरपंच प्रतिनिधि, मनोरंजन साहू संकुल समन्वयक व पालकगण, शिक्षकगण व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

परीक्षा प्रभारी राजेश कुमार पंडा ने बताया कि कक्षा 9वीं का परिणाम 82.9 प्रतिशत,11वीं का 93.9 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं में स्नेहा ने 84.5 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कोमल पटेल 77 प्रतिशत व तृतीय स्थान जुहीदास 76.3 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा 11 वीं सिमरन अनंत ने 83.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय रेखा 81प्रतिशत, तृतीय निहारिका 76.8 प्रतिशत प्राप्त की। कक्षा 9वीं में 76विद्यार्थियों में से 13 प्रथम, 25 द्वितीय, 25 तृतीय व कक्षा 11वीं में 65 विद्यार्थियों में से 3 ने प्रथम, 55 द्वितीय, 3 तृतीय स्थान प्राप्त किये। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सरपंच मौना पटेल ने कहा कि सभी विद्यार्थी एक निश्चित लक्ष्य बनाकर उस दिशा में सतत परिश्रम करें, अनुशासन व धैर्य बनाये रखें, निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर पढ़ने, नये नये कौशल सीखने हेतु प्रोत्साहित किया।

विद्यालय के प्राचार्य निमंकर पटेल ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष जताया। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के व्याख्याता पुनितलाल चौधरी, सीता सिंह, जयदेव साहू, एकता शर्मा, भूपेंद्र खूंटे, अंगदकुमार व स्टॉफ आशीष दीवान, सत्यप्रकाश मुकर्जी, रजनी राठिया,केदार पटेल ने भी हर्ष जताया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शिवप्रसाद पटेल ने किया।

### साहू समाज के लोगों के खिलाफ आरोप दर्ज करने की कड़ी निंदा

**रायपुर।** दो बार के पार्षद संदीप साहू को हटाकर आकाश तिवारी को नगर निगम में कांग्रेस की ओर से नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने से नाराज साहू समाज के लोगों ने विगत दिनों कांग्रेस भवन का घेराव किया था। साहू समाज बड़ी संख्या में कांग्रेस मुख्यालय के अंदर और बाहर थे, जिससे आम जनता को आने-जाने में परेशानी हुई। पुलिस ने समाज के लोगों के खिलाफ रोड बंद करने के आरोप में केस दर्ज किया। साहू समाज के लोगों के खिलाफ आरोप दर्ज करने की कड़ी निंदा करते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष माखन ताम्रकार ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू से निवेदन करता हूं कि वे संदीप साहू के मुद्दे पर अभी तक चुप्पी क्यों शादें बैठे हैं क्या उन्हें समाज के संदीप साहू के प्रति किसी प्रकार की संवेदना नहीं है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पुरस्कार वितरण समारोह स्थगित

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 23 अप्रैल बुधवार को शालेय पत्रिका कृति का विमोचन तथा तथा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित था। परंतु, ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के कारण गृह मंत्रालय भारत शासन द्वारा संपूर्ण देश में तीन दिनों का राजकीय शोक घोषित किए जाने के कारण उक्त समारोह को स्थगित कर दिया गया है। कार्यक्रम आयोजन की नयी तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी।

### साराडीह में सतनाम सतग्रंथ का आयोजन

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम साराडीह में 22 अप्रैल से 25 अप्रैल तक तीन दिवसीय सतनाम सत्संग का आयोजन चल रही है, जिसकी शुरुआत तरुण व्यवहार जनपद उपाध्यक्ष बागबाहरा व साधु संतों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। गुरु घासीदास बाबा के जीवन चरित्र का बखान अलग-अलग सतग्रंथ मंडली साधु संतों द्वारा की जा रही है। आयोजन समिति के प्रमुख महादेव चतुर्वेदी, राकेश मार्कंडेय ने सतग्रंथ मंडली व साधु संतों को कार्यक्रम में देने की अपील की है। सभी सतनाम सतग्रंथ मंडली को 1551 रुपए सम्मान राशि दी जाएगी। प्रत्येक मंडली में पांच सदस्य से अधिक व श्वेत वस्त्र धारण करने की अनिवार्यता होगी।

### युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान का आयोजन

**महासमुंद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी एसओपी के तहत जिले में नशे में लिप्त बच्चों के चिन्हांकन, संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान का सोमवार को सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह अभियान चरणबद्ध रूप से जिले के प्रमुख बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौक चौराहों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर संचालित किया गया, जहां अक्सर नशे के कारोबार एवं सेवन की घटनाएं सामने आती हैं। अभियान में प्रमुख रूप से खाद्य एवं औषधि विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड लाइन, जिला नोडल कोटपा शामिल रहे। अभियान के तहत गठित संयुक्त दल ने पास-पड़ोस के क्षेत्र, वेटिंग हॉल, बस अड्डे व चौराहों पर सघन निरीक्षण कर नशे की आपूर्ति करने वाले स्त्रोतों पर कड़ी नज़र रखी। साथ ही, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर तुरंत जांच पड़ताल कर नशीली दवाओं के सेवन के प्रमाण एकत्रित किए।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत राशि जारी, स्थलों का किया निरीक्षण

**बागबाहरा।** नगर पालिका पालिका परिषद बागबाहरा को 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत राशि जारी की गई है। उक्त राशि से वार्ड क्रमांक 12 में कम्पोस्ट सेंटर निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 09 कंपोस्ट सेंटर में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 09 कंपोस्ट सेंटर तक पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाना है। अध्यक्ष नगर पालिका खिलेश्वरी छोटू बघेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डीएल बर्मन एवं उपअभियंता शशि प्रताप सिंह द्वारा उपरोक्त स्थानों का निरीक्षण किया गया।

# जीवन विद्या को आगे बढ़ाने भाइयों ने दान की 50 डिसमिल जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अभ्युदय संस्थान ऑवरी और मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के तत्वावधान में जीवन विद्या शिविर का आयोजन ऑवरी गांव में किया गया। शिविर का प्रबोधन गेंदलाल कोकड़िया और राखी कोकड़िया ने किया। कोकडिया ने बताया कि जीवन विद्या शिविर संस्कारों का समुच्चय है, हर मानव को क्यों जीना है? कैसे जीना है? का स्पष्ट स्वरूप और प्रक्रिया शिविर करने से समझ में आती है। शिविर पूर्णतः निःशुल्क था। शिविर में कोई प्लास्टिक, डिस्पोजल, कप, थाली का इस्तेमाल नहीं किया गया। जिससे मानव समाज को प्रेरणा मिले कि शादी, जन्म दिन, मृत्यु संस्कार आदि सारे कार्यक्रमों में ऐसा करने लगे तो पर्यावरण संतुलित रहेगा। हमें अपने कार्यक्रमों में पटाखे, लाइट डेकोरेशन, अंडा, मांसाहार, नशापान पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाना चाहिए।

कोकड़िया ने बताया कि हीरालाल साहू ने 30 डिसमिल जमीन व चंद्रहास साहू ने 20 डिसमिल जमीन दान देकर मानव समाज की जागृति के लिए जीवन विद्या को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अभ्युदय संस्थान ऑवरी बनाने का निर्णय लिया है। जहां पर नित्य, निरंतर जीवन विद्या शिविरों का आयोजन होता रहेगा।

यह मानव तीर्थ स्थल सभी जाति, धर्म, समुदाय, पंथ, बोली, राज्य, क्षेत्र, भाषा, रंग, रूप के व्यक्ति के लिए होगा। दोनों भाइयों का प्रेम मानव समाज के लिए अनुकरणीय है।

उन्होंने वह जमीन संपूर्ण मानव जाति के लिए अखंड समाज सार्वभौम व्यवस्था के दान दी है। जिसका भूमिपूजन अंबा दीदी सुपुत्री



ए. नागराज जीवन विद्या व भानूराम साहू व धनकुंवर साहू, हीरालाल साहू व चंद्रहास साहू के द्वारा हुआ। कार्यक्रम में जीवन विद्या के अंतराष्ट्रीय प्रबोधक डॉ. साकेत ठाकुर, शुभ्रा ठाकुर, अंकित मानव तीर्थ, अवधेश पटेल समाधान कॉलेज बेमेतरा, रायगढ़ जीवन विद्या परिवार से बाबूलाल नायक, सुरेन्द्र गुप्ता, उर्मिला सिदार, हिमांचल, अभ्युदय संस्थान, अछोटी, अभिभावक विद्यालय रायपुर, उत्सव पारा सकरी, केशव साहू दुर्ग, मुकेश देवांगन बेमेतरा, लोकेश साहू ऑवरी, सोहन मरकाम बस्तर महावीर, प्रभुराम गंगवेर, बसंत साहू, पूनम, पेंण्ड्रा बिलासपुर से निष्ठा व कुंती चंद्रहास साहू आदि मौजूद रहे। भूमिपूजन करते हुए अंबा दीदी ने सबका उत्साहवर्धन करते हुए मनोबल बढ़ाया और बताया कि सबसे बड़ा धार्मिक आदमी वह है जो अपने मन-तन-धन का सदुपयोग करें। सीख प्रयोजन के अर्थ में लगाये, जैसा हीरा और चंद्रहास साहू ने किया है। ऑवरी के सभी परिवार जन जीवन विद्या के लिये समर्पित हैं। अब यह केंद्र पूरे मानव जाति का मार्गदर्शन करेगा। भानूराम साहू ने 75 हजार रुपए, अवधेश पटेल समाधान महाविद्यालय ने 1 लाख रुपए दान देकर सबको उत्साहित किया।

### निर्देश : गर्मी में पेयजल की व्यवस्था के लिए उचित व्यवस्था करें

# सुशासन तिहार के सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित हो: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में संचालित प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा लेते हुए कलेक्टर विनय लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा बैठक के दौरान मोर दुआर साय सरकार, आवास प्लस 2.0, सुशासन तिहार, पीएम जनमन योजना, धान उठाव सहित विभिन्न अभियान शामिल रहे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम महासमुंद हरिशंकर पैकरा, डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर, आशीष कर्मा सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वर्चुअल रूप से शामिल रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने मोर दुआर-साय सरकार विशेष सर्वेक्षण पखवाड़े के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य आवास योजना से वंचित पात्र ग्रामीणों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित करना है। लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों की प्रविष्टि संबंधित पोर्टल पर निर्धारित अवधि तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग विशेष टीम बनाकर आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण और त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा इसका उद्देश्य जन शिकायतों का त्वरित समाधान और योजनाओं की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। साथ ही कलेक्टर लंगेह ने



सभी सीईओ को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पंचायत दिवस (24 अप्रैल) के अवसर पर जिले के पांचों विकासखंड की चयनित 60 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों एवं वीएलई द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की सूची केंद्रों पर प्रदर्शित की जाए। साथ ही दी जाने वाली सेवाओं का मुनादी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कलेक्टर लंगेह ने भूमि जल संरक्षण और जल प्रबंधन को लेकर सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना सुनिश्चित करें और जन जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित करें। उन्होंने हर नागरिक से भी अपील की है कि वर्षा जल को संचित करे और अपने घर, स्कूल तथा कार्यस्थलों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए, तो आने वाले वर्षों में जल संकट से काफी हद तक बचा जा सकता है। भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि जहां पेयजल के लिए बोर खनन आवश्यक हो वहां बोर खनन कर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। सभी जनपद सीईओ और मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी टैंकर से पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर लंगेह ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि लोकसेवा गारंटी के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करे। साथ ही अवैध रेत उत्खनन को लेकर जिन ग्राम पंचायतों से शिकायत प्राप्त हो रही है उन पर कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज करें। जिले में अवैध शराब विक्रय पर कड़ी निगरानी रखते हुए जिले के सभी मदिरा दुकानों में अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी और आबकारी उप निरीक्षक मिलकर सतत निरीक्षण करें। कलेक्टर ने कहा कि व्हीकल माउंटेड डीजे पर भी सतत कार्रवाई करे। सभी अनुविभागीय अधिकारी डीजे संचालकों की बैठक लेकर माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों से अवगत कराते हुए सख्ती से पालन कराएं। इसी के साथ उन्होंने खाद्य विभाग और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि धान उठाव की प्रक्रिया शीघ्रता से पूरी की जाए। वर्तमान में लगभग 13 हजार क्विंटल धान उठाव शेष है। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस योजना के लक्ष्यों को शीघ्रता से पूरा करें। विशेषकर जाति, आधार, आयुष्मान कार्ड आदि को शत प्रतिशत बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों और सड़कों पर आवारा मवेशियों के जमावाड़ा को सुरक्षित स्थानों पर रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने राजस्व पखवाड़ा, पोषण पखवाड़ा, अपार आईडी, अनुकंपा नियुक्ति आदि की समीक्षा की गई। साथ ही पीएम पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय सीमा पत्रकों की विस्तार से समीक्षा की तथा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त मांग एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

### कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त हुए 47 आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में आमजन से सीधे संवाद करते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने न सिर्फ 47 आवेदनों को गंभीरता से सुना, बल्कि विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक मामले में त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जाए। जनदर्शन में ग्राम खैरझिटी तुमगांव के निवासियों ने करणी कृपा स्टील एवं पावर लिमिटेड के खिलाफ नियमों की अवहेलना एवं अन्य कारणों को लेकर आवेदन किया। पिथौरा निवासी भगनूराम निषाद ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के संबंध में आवेदन दिए।

इसी प्रकार बागबाहरा अंतर्गत ग्राम मोंगरापाली के निवासियों ने नल जल योजना पानी की समस्या को लेकर, महासमुंद के ग्राम किशनपुर निवासी टुनू राणा ने पीएम आवास की मांग, ग्राम मुनगासेर निवासी थनवार ने नक्शा बटांकन, सरायपाली के ग्राम चारभांठा निवासी महेश नायक ने वन अधिकार पट्टा के लिए आवेदन किया। कलेक्टर लंगेह ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एनडीए में चयनित जलज के निवास पहुंचे अंकित, किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के नेता अंकित बागबाहरा ने कहा कि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की परीक्षा पास करने वाले बागबाहरा के जलज चंद्राकर ने अपने परिवार पिता मनोज चंद्राकर, माता राधा चंद्राकर समेत पूरे बागबाहरा नगर का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर अंकित बागबाहरा ने जलज का उनके घर जाकर सम्मान किया। इस अवसर पर उसके माता-पिता जो कि शिक्षक है वे भी मौजूद थे। अंकित ने बताया कि ये उपलब्धि इन मायनों में बहुत बड़ी हो जाती है कि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) परीक्षा में हर साल 12 लाख से अधिक उम्मीदवार आवेदन करते हैं और मात्र 400 का ही चयन होता है, जिसमें जलज ने ये उपलब्धि हासिल की है। आने वाले भविष्य के लिए बच्चों को एक नया रास्ता दिखाया है।

अंकित ने बताया कि अंतिम मेरिट लिस्ट लिखित परीक्षा और एसएसबी साक्षात्कार के संयुक्त अंकों (कुल 1800 अंक) के आधार पर बनती है। इसके लिए जलज ने दो साल से तैयारी कर सेल्फ स्टडी की और इसे प्रेरणा अंबिकापुर स्थित सैनिक स्कूल में पढ़ने के दौरान मिली और उसने लक्ष्य बनाया कि हर हाल में आर्मी में जाना है और एनडीए के माध्यम से सेना अफसर तैयार करती है।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की अनिवार्यता, साय सरकार ने इसे बनाया लूट का अवसर: डॉ.रश्मि

### 500 से 10 हजार तक भारी भरकम जुर्माना वसूली वाहन मालिकों पर अत्याचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदलने में प्रक्रियागत त्रुटि, असुविधा और अनिवार्यता को लेकर की जा रही सख्ती का कड़ा प्रतिवाद करते हुए महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में हजारों कंपनियां हैं जो नए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बनाने का काम किफायती दर पर कर सकती है। लेकिन, भाजपा की कमीशनखोर सरकार के द्वारा दिल्ली और हरियाणा की केवल दो ही कंपनियों को उपकृत करने की जिद ने लाखों लोगों को कतार में खड़ा होने मजबूर कर दिया है। परिवहन विभाग की अक्षमता और सिस्टम में खामी की सजा भी आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। 1 अप्रैल 2025 से इस मामले में चालानी कार्रवाई शुरू हो गई है। 500 से 10 हजार तक भारी भरकम जुर्माना वसूली वाहन मालिकों पर अत्याचार है। महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि अप्रैल 2019 से पहले के लाखों वाहनों में से



अधिसंख्यक वाहनों में अभी भी पुराने नंबर प्लेट लगे है, जिन्हें बदलने में सुविधाजनक प्रक्रिया मुहैया कराने के बजाय सख्ती से जुर्माना वसूली ही इस निर्दयी सरकार का फोकस है। आरटीओ ने बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहनों के फिटनेस जांच नहीं करने का फरमान जारी कर दिया है। जब ऐसे नंबर प्लेट स्थानीय स्तर पर और भी कंपनियां बना सकती है, कम कीमत पर बना सकती है, अधिक तत्परता से बना सकती है फिर केवल दो कंपनियों पर निर्भरता क्यों? गुणवत्ताहीन नंबर प्लेट जिसकी लागत 50 रुपए भी नहीं होगी, दुपहिया वाहनों के लिए 483 रुपए, निजी कार के 656 इसी तरह तिपहिया और कमर्शियल वाहनों और भी अधिक वसूली की जा रही है। आगे डॉ रश्मि ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सुरक्षा के लिहाज से पुरानी गाड़ियों के लिए भी नए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के अनिवार्यता का आदेश दिया था, इस व्यवस्था से पुलिस और आरटीओ को चालान काटने तथा अपराधियों तक पहुंचने में मदद मिलेगी फिर इसको इसके लिए केवल वाहन मालिकों को ही क्यों प्रताड़ित किया जा रहा है। सरकार व्यवस्था दुरुस्त क्यों नहीं करती, केवल लूट का जरिया बन गया है, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की अनिवार्यता को साय सरकार ने लूट का अवसर बना लिया है।

## कुर्मी समाज के वार्षिक अधिवेशन में प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज उप क्षेत्र घुंचापाली बागबाहरा का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन रविवार को चंद्रनाहू कुर्मी भवन सुनसुनिया बागबाहरा में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलका नरेश चंद्राकर, अध्यक्षता हरि चंद्राकर ने की। अधिवेशन पूर्व रामचंद्र के छायाचित्र में पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ अलका नरेश चंद्राकर द्वारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम में समाज के 5 लाख के निर्माण कार्य का लोकार्पण भी मुख्य अतिथि कर कमलों के द्वारा किया गया। मंच संचालन उप क्षेत्र घुचापाली के सचिव बालेश्वर चंद्राकर ने किया। अधिवेशन में विभिन्न सामाजिक



प्रकरणों का निराकरण, सामाजिक आय-व्यय तथा शिक्षण के लिए सामाजिक संस्थान की शिक्षण की शाखा बागबाहरा में सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जोर दिया गया। कार्यक्रम में अंचल के सामाजिक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं अभिषेक चंद्राकर, नेहा चंद्राकर, विवेक चंद्राकर, अंशिका चंद्राकर, प्रकाश चंद्राकर, हीना चंद्राकर, जलज चंद्राकर, आभा चंद्राकर को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भैय्या राम चंद्राकर, बालेश्वर चंद्राकर, बंशी चंद्राकर, रमेश चंद्राकर, भीमसेन चंद्राकर, अवध चंद्राकर, नरेश चंद्राकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

